# शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## राजनंदगांव (छ.ग.)

# समाजशास्त्र विभाग

## वार्षिक प्रतिवेदन

## सत्र - 2022-23

**डॉ. के. एल. टांडेकर**

**प्राचार्य**

शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर
महाविद्यालय राजनंदगांव छ.ग.

**श्री डॉ. ए. के. मंडावी**

**विभागाध्यक्ष(समाजशास्त्र)**

शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर
महाविद्यालय राजनंदगांव छ.ग.)

# अनुक्रमाणिका


| क्रमांक | विवरणिका |
|---|---|
| 1 | विभाग -समाजशास्त्र |
| 2 | समाज कार्य परिषद गठन |
| 3 | विभागीय बैठक |
| 4 | अध्ययन मंडल की बैठक |
| 5 | रेमेडियल एवं स्लोलर्नर कक्षायें |
| 6 | शिक्षण कौशल |
| 7 | एडवांस लर्नर कक्षायें |
| 8 | नेट सेट एवं प्रतियोगी परीक्षा हेतु कक्षायें |
| 9 | आतंरिक मूल्यांकन |
| 10 | एलुमिनी बैठक |
| 11 | छात्र शिक्षक अभिभावक बैठक |
| 12 | नशा मुक्ति जागरूकता रैली |
| 13 | सामाजिक एमर्शन फ़ेलोशिप कार्यक्रम |
| 14 | पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम |
| 15 | विद्यार्थियों के फील्ड वर्क व प्रोजेक्ट कार्य |
| 16 | अंतर विभागीय व्याख्यान |
| 17 | एक दिवशीय राज्य स्तरीय कार्यशाला |

# विभागीय प्रतिवेदन- 2022-23

**विभाग-समाजशास्त्र**

महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग की स्थापना 1984 मे स्नातकोत्तर कक्षाओं के साथ की गई।तत्पश्चात स्नातक स्तर पर इस विषय का अध्ययन प्रारंभ हुआ।वर्तमान सत्र में स्नातक स्तर पर समाजशास्त्र विषय की नियमित छात्रों की संख्या 715 तथा स्नातकोत्तर विषय की छात्रों की संख्या 69 है।

समाजशास्त्र विषय के 03 स्वीकृत पदों में से0 2 पद नियमित सहायक प्राध्यापक एवं 01 पद अतिथि व्याख्याता कार्यरत है।

1. विभागाध्यक्ष -डॉ ए.के. मंडावी सहायकप्राध्यापक
2. श्रीमती ललिता साहू सहायक प्राध्यापक
3. डॉ प्रियंका लोहिया अतिथि व्याख्याता

**(1) समाजशास्त्र परिषद का गठन-**

सत्र 2022- 23 में समाजशास्त्र परिषद का गठन किया गया ,जिसमें निम्न अनुसार पदाधिकारी मनोनीत किए गए-

अध्यक्ष- प्रिया सोनी

उपाध्यक्ष -तुलेश्वरीसाहू

सचिव -काजल देवांगन

सह सचिव - दुलेश्वरी साहू

विभाग के शेष सभी छात्र छात्राएं इसके सदस्य हैं।

दिनांक 19 /11 /2022 को समाजशास्त्र विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें विषय विशेषज्ञ व मुख्य वक्ता के रूप में मानव शास्त्र विभाग की अध्यापक डॉ .अंजलि ध्रुव द्वारा संस्कृति के संदर्भ में व्याख्यान दिया गया और संस्कृति के संबंध में उनकी मूलभूत अवधारणाओंकी जानकारी संस्कृति का उद्गम ,फैलाव, बदलाव, पशु व मानव में अंतर संस्कृति के प्रभाव के संदर्भ में छात्र-छात्राओं को परिचित कराया ।

दिनांक 21/11/ 2022 को अंतर विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया ।इस व्याख्यान के अंतर्गत दर्शनशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अलरेजा. सर द्वारा ज्ञान विषय पर व्याख्यान दिया गया ।अलरेजा सर द्वारा बताया गया कि ज्ञान मिनोसा व ज्ञान दर्शन के माध्यम से ज्ञान अज्ञान तत्व मीमांसा के संदर्भ में व्याख्यान दिया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान अनेक प्रश्न पूछ कर किया तथा प्राध्यापक द्वारा उनकी शंका का निदान कर एक दिवसीय व्याख्यान को पूर्ण किया गया।

**<u>राज्य स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन-</u>**

दिनांक 15 /3/ 2023 को दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालयमे समाजशास्त्र और समाज कार्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान मे एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य डॉक्टर के. एल. टांडेकर के मार्गदर्शन में समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ .ए.के .मंडावी एवं समाज कार्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के संयोजन में आयोजित हुआ। जिसके मुख्य अतिथि डॉक्टर पूनम गुलालिया मुख्य सलाहकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद हैदराबाद तेलगाना मे पदस्थहै। साथहिभाटिया सर विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग, डॉ प्रियंका लोहिया, इकरार खान, तारिणी साहू प्राध्यापक गण एव महाविद्यालय के छात्रछात्राएं- उपस्थित रहे। डॉक्टर पूनम गुललिया नेखेल के माध्यम से छात्रों को कौशल विकास के बारे में अवगत कराया, जिससे छात्रों में सकारात्मक ऊर्जा देखने को मिली छात्रों को छोटे-छोटे समूह में बांटकर उनके कौशल शक्ति का निरीक्षण किया ।कुछ समय अवधि तक समूह को मंच में अपनी अनुभव रखने का मौका दिया साथ ही उपस्थित छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही छात्राओं द्वारा कार्यक्रम की प्रतिक्रिया दिया गया ।कार्यक्रम के समापन में अतिथि डॉ गुलालिया जी को छत्तीसगढ़ की संस्कृति के रूप में स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

**पर्यावरण जन जागरूकता कार्यक्रम -**

दिनांक 7/12/को- 2022 पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम गठुला में शासकीय हाई स्कूल में आयोजित किया गया ।पर्यावरण जागरूकता के अंतर्गत समाज कार्य व समाजशास्त्र के विद्यार्थियों और स्कूल के बच्चों द्वारा रैली निकाली गई तथा नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया कक्षा 9वी वा दसवीं के विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर निबंध भाषण तथा चित्रकला का आयोजन कर बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

**(13) विद्यार्थियों के फील्ड वर्क व प्रोजेक्ट कार्य-**

स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों जैसे बेरोजगारी की समस्या ,किसानों की आर्थिक स्थिति, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, गो धन योजना, गंदी बस्ती आदि की समस्या का समाजशास्त्रीय अध्ययन विषय पर प्रोजेक्ट वर्क व फील्ड वर्क किए गए।

**(14) अंतर विषयक व्याख्यान-**

दिनांक 17/11/ 2022 को समाजशास्त्र विभाग द्वारा विभागाध्यक्ष डॉ. ए.के .मंडावी के मार्गदर्शन में स्वतंत्रता संग्राम विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें विषय विशेषज्ञ व मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर शैलेंद्र सहायक अध्यापक इतिहास विभागद्वारा व्याख्यान दिया गया तथा स्वतंत्रता संग्राम के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई और इस जानकारी में उन मुख्य बिंदुओं पर क्रमशः विस्तारपूर्वक चर्चा की गई जो प्रतियोगी परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण थे।

दिनांक 18/11 /2022 को समाजशास्त्र विभाग द्वारा अंतर विभागीय व्याख्यान का आयोजन किया गया ।जिसमें भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष अध्यक्ष डॉ .के.एन .प्रसाद द्वारा भौगोलिक दशाओं का सामाजिक जीवन के प्रभाव पर अतिथि व्याख्यान दिया गया। इस व्याख्यान के अध्ययन में यह बताने का प्रयास किया गया कि हमारी भौगोलिक दशाएं हमारे कार्य ,व्यवहार, जनजीवन व्यवसाय, संस्कृति को किस प्रकार प्रभावित करती है।

**(11) छात्र  शिक्षक अभिभावक बैठक-**

दिनांक  29/11/22 को समाज शास्त्र विभाग में शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्राचार्य डॉ .के. एल .टांडेकरनेअभिभावकों  को संबोधित करते हुए कहा कि यह शिक्षक अभिभावक बैठक हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है विभागाध्यक्ष  डॉ.  ए.के.  मंडावी द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि एक सफल अभिभावक के सहयोग के लिए आपको शिक्षकों के साथ निरंतर बातचीत करने की आवश्यकता होती है। बैठक में उपस्थित अभिभावकों ने महाविद्यालय के शैक्षणिक गतिविधियों के लिए धन्यवाद    दिया    और कहा कि महाविद्यालय इसी प्रकार सहयोग करते रहे ।इस प्रकार से बैठक में उपस्थित सभी अभिभावकों ने अपने-अपने अभिमत रखें।

## विस्तार गतिविधियां

**नशा मुक्ति रैली-**

दिनांक 8/10/ 2022 को विभाग द्वारा नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में समाजशास्त्र विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर से  फव्वारा चौक तक रैली निकाली गई तथा नशा बंदी हेतु नारे लगाए गए ।कार्यक्रम में विभाग के 24 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

**रिलायंस फोर बिहेवियर चेंज-**

दिनांक 5/11 /2022 को महाविद्यालय में अलायंस फोर बिहेवियर चेंज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्सृजन सामाजिक संस्था के द्वारा आयोजित करवाया गया ।जिसमें विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम की व्यवस्था की गई तथा व्यक्तित्व विकास की जानकारी प्रदान की गई एक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया तथा चयनित विद्यार्थी को छात्रवृत्ति के संबंध में जानकारी दी गई।

**(7) प्रतियोगी परीक्षा हेतु कक्षाएं-**

विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी जैसे व्यापम, पीएससी ,रेलवे, बैंक से संबंधित जानकारी व मार्गदर्शन दिया जाता है व समयसमय- पर कक्षाओं का आयोजन किया जाता है।

**(8) नेट परीक्षा हेतु मार्गदर्शन-**

विभाग में स्नातकोत्तर स्तर पर नेटसेट कक्षाओं का आयोजन समय सारणी के अनुसार किया जाता है।सभी अध्यापकों के द्वारा विषय वार विद्यार्थियों की कक्षाएं ली जाती है।

**(9) आंतरिक मूल्यांकन-**

स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर आंतरिक मूल्यांकन का परीक्षा का आयोजन किया गया तथा विद्यार्थियों को अच्छे अंक प्राप्त करने हेतु लेखन शैली में सुधार करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए।स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें विषय सूची में संबंधित विषयों पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया।

**(10) एलुमिनीबैठक -**

दिनांक25/11/22 को विभाग द्वारा एलुमिनी बैठक का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. ए.के. मंडावी के निर्देशन में एलुमीनि बैठक का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक श्रीमती ललिता साहू द्वारा किया गया।भूतपूर्व विद्यार्थी पल्लव शुक्ला ने कहा समाजशास्त्र के अध्ययन को और अधिक प्रभावी बनाने सप्ताहिक टेस्ट लेने और नेट, सेट तथा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु अतिरिक्त कक्षा संचालित की जानी चाहिए कैलाश साहू ने कहा कि समाजशास्त्र के अलावा अन्य विषयों से संबंधित जानकारी हेतु कक्षा तथा समय निर्धारित की जानी चाहिए ।

**(3) अध्ययन मंडल की बैठक-**

दिनांक 22/7/22 को समाजशास्त्र विभाग में अध्ययन मंडल की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्नातक स्तर पर बी.ए .प्रथम सेमेस्टर के पाठ्यक्रम को संशोधन करते हुए प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर क्रेडिट सिस्टम लागू किया गया व नई शिक्षा नीति का परिपालन किया गया ।बीए भाग ॥ व बी.ए. भाग ॥। के पाठ्यक्रम को यथावत रखा गया। एम. ए .के पाठ्यक्रम आंतरिक मूल्यांकन प्रक्रिया को पूर्व की भांति यथावत रखा गया।

**(4) रेमेडियल कक्षाएं व स्लोलर्न र व कमजोरविद्यार्थियों का मार्गदर्शन-**

विभाग द्वारा स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर कमजोर विद्यार्थियों हेतु विशेष कक्षाएं आयोजित की जाती है। इसके तहत विषय संबंधी विभिन्न टॉपिक पर चर्चा, शंका समाधान ,उत्तर लेखन शैली तथा विगत 5 वर्षों के प्रश्नोत्तर पर चर्चा की जाती है। सत्र 2022- 23 मे रेमेडियल कक्षा बी ए प्रथम36 और बीए द्वितीय 42बीए तृतीय 48 विद्यार्थी रजिस्टर्ड है।

**(5) एडवांस लर्न र कक्षाएं-**

विद्यार्थियों हेतु एडवांस लर्न र कक्षाएं आयोजित की गई जिसमें सभी कक्षाओं को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सूचना व अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई गई। कक्षाओं में स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों की संख्या क्रमश:20 तथा स्नातक स्तर पर विद्यार्थियों की संख्या . बीए. प्रथम 48 ,बीए द्वितीय 45 ,बीए तृतीय 42

**(6) शिक्षण कौशल-**

विभाग द्वाराप्रति सप्ताह शनिवार को स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर पाठ्यक्रम से संबंधित विषय पर सामूहिक चर्चा, प्रेजेंटेशन ,वाद-विवाद आदि का आयोजन किया जाता है ।जिसमें विद्यार्थियों को विषय की गहन सारगर्भित जानकारी प्राप्त हो सके।

**(2) विभागीय बैठक**

विभाग के द्वारा प्रत्येक माह विभागीय बैठक का आयोजन किया जाता है।

दिनांक 4 /06/2022 को विभाग में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में विद्यार्थियों के विषय संबंधी शंका हेतु रिवीजन कक्षाओं के आयोजन पर सहमति दी गई साथ ही पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण करने हेतु विभाग अध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया।


दिनांक 6/7/22 को विभागीय बैठक का आयोजन किया गया। पाठ्यक्रम समिति की बैठक में आयोजन पर चर्चा की गई तथा बीए फर्स्ट सेमेस्टर के पाठ्यक्रम प्रवेश कार्य और उन मुखी कार्यक्रम पर चर्चा की गई।


दिनांक 02/08/2022 को विभागीय बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें कक्षाओं के नियमित संचालन हेतु आवश्यक चर्चा की गई।स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर परीक्षा चैनल पर चर्चा की गई। शोध परियोजना एवं सेमेस्टर परीक्षा की तैयारी पर विचार विमर्श किया गया।

दिनांक 03/08/22 को विभागीय बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें समाजशास्त्र परिषद के गठन पर चर्चा की गई साथ ही यूनिट टेस्ट के आयोजन पर विभागाध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया।

दिनांक 8/10/22 को समाजशास्त्र विभाग में बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें जन जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन ग्राम बोरी में करने के लिए चर्चा की गई।इसके अतिरिक्त एल्यूमिनी बैठक के संबंध में निर्णय लिया गया।शिक्षक अभिभावक बैठक व आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के संबंध में चर्चा की गई।


GPS Map Camera
Rajnandgaon, Chhattisgarh, India
32RH+CQ3, Rajnandgaon, Chhattisgarh 491441, India
Lat 21.091126°
Long 81.02956°
05/11/22 12:38 PM GMT +05:30
Google




GPS Map Camera
Gathula, Chhattisgarh, India
43P2+622, SH 5, Gathula, Chhattisgarh 491441, India
Lat 21.136017°
Long 81.050314°
07/12/22 11:31 AM GMT +05:30
Google



GPS Map Camera
Rajnandgaon, Chhattisgarh, India
32RJ+J3H, in front of Digvijay College, Rajnandgaon, Chhattisgarh 491441, India
Lat 21.091801°
Long 81.030481°
19/11/22 02:15 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Gathula, Chhattisgarh, India
43M3+8F4, Gathula, Chhattisgarh 491441, India
Lat 21.133288°
Long 81.054025°
07/12/22 11:56 AM GMT +05:30
Google




समाज शास्त्र विभाग
हार्दिक स्वागत


"Skill Development"


GPS Map Camera
Gathula, Chhattisgarh, India
43P2+622, SH 5, Gathula, Chhattisgarh 491441, India
Lat 21.135479°
Long 81.050594°
07/12/22 11:28 AM GMT +05:30
Google

## रैली निकालकर पर्यावरण जागरूकता का दिया संदेश

राजनांदगांव। पर्यावरण संरक्षण जागरूकता का आयोजन शासकिय दिग्विजय महाविद्यालय के समाजशास्त्र एवं समाज कार्य के विद्यार्थियों द्वारा ग्राम गदुला में किया गया। कार्यक्रम महाविद्यायल के प्राचार्य केएल टाडेकर के निर्देशन एवं समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ.एके मंडावी तथा समाजकार्य विभाग अध्यक्ष ललित साहू के मार्गदर्शन में किया गया। समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों ने पर्यावरण जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया, साथ ही पोस्टर,भाषण ,निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गदुला हाईस्कुल कि प्रचार्य रेणुका नामदेव,अन्य शिक्षक उपास्थित थे।

# एक नजर

## दिग्विजय में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



राजनांदगांव। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा ग्राम गदुला मे किया गया। उक्त कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के एल टांडेकर के निर्देशन एवं समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. एके मंडावी तथा समाज कार्य विभाग अध्यक्ष ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं ग्राम गदुला के स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा ग्राम भ्रमण किया गया। समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया एसाथ ही पोस्टर, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं पुरस्कार वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल गदुला के प्राचार्य रेणुका नामदेव तथा अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। सरपंच सघ के अव्यक्ष नोमेश वर्मा, ग्राम गदुला के सरपंच गौरव बोरकर, ग्राम प्रमुख टिकेश्वर साहू, सांसद प्रतिनिधि हेमलाल साहू के अतिरिक्त अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। महाविद्यालय से डॉ. प्रियंका लोहिया, तारिणी साहू, इकरार खान भी उपस्थित रहे।

## समाजशास्त्र एवं समाज कार्य पर व्याख्यान का आयोजन




राजनांदगांव। समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग में अंतर विभागीय व्याख्यान के अंतर्गत शनिवार को मानव शास्त्र के सहायक प्राध्यापक द्वारा संस्कृति विषय पर व्याख्यान दिया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग के स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा लाभान्वित हुए। उपरोक्त कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. एके मंडावी तथा समाज कार्य विभाग अध्यक्ष ललिता साहू, डॉ. प्रियंका लोहिया, तारिणी साहू उपस्थित रहे।

## रैली निकालकर पर्यावरण जागरूकता का दिया संदेश



[illegible]

## मानिकपुरी पनिका समाज के जिलाध्यक्ष बने [illegible]

# कौशल विकास पर राज्य स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में «कौशल विकास» विषय पर राज्य स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.पूनम गुलालिया को आमंत्रित किया गया ,जो वर्तमान में वरिष्ठ एकेडमिक सलाहकार, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद हैदराबाद तेलंगाना में पदस्थ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. टांडेकर के द्वारा की गई। कार्यशाला के आयोजन सचिव श्रीमती ललिता साहू ने कार्यशाला की रूपरेखा व उद्देश्य के संबंध में विचार रखें। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान भारत « कौशल भारत कुशल भारत » का है। डॉ. पूनम गुलालिया द्वारा द्वारा समस्त विद्यार्थियों को छोटे-छोटे समूहों में बांट कर कुछ उनकी कौशल क्षमता का निरीक्षण किया गयातथा उन समूहों को मंच में अपने अनुभव साझा करने का अवसर प्रदान किया गया। कार्यक्रम के समापन में विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यशाला के समन्वयक डॉ .ए.के. मंडावी के द्वारा किया गया। उक्त कार्यशाला में राज्य के विभिन्न विद्यार्थियों ने प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित हुए। उक्त उक्त कार्यक्रम में डॉ एच एस भाटिया ,डॉ. अंजली ध्रुव, डॉ प्रियंका लोहिया,सुश्री तारिणी साहू एवं इकरार खान उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

राजनांदगांव. शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कौशल विकास विषय पर राज्य स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया .उक्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.पूनम गुलालिया को आमंत्रित किया गया ,जो वर्तमान में वरिष्ठ एकेडमिक सलाहकार, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद हैदराबाद तेलंगाना में पदस्थ है. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. टांडेकर के द्वारा की गई. कार्यशाला के आयोजन सचिव श्रीमती ललिता साहू ने कार्यशाला की रूपरेखा व उद्देश्य के संबंध में विचार रखें.